पेज No 3 Date - 20/2/2026
समाचार पत्र - नई दुनिया



नईदुनिया
जबलपुर, शुक्रवार, 20 फरवरी, 2026
III

# वेशभूषा में दिखा नारी शक्ति का उत्साह





नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर: शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'उमंग' में गुरुवार को विविध वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्राचार्य डा. स्मृति शुक्ला की अध्यक्षता एवं डा. कामना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में भूगोल एवं समाजशास्त्र विभाग ने यह आयोजन किया। छात्राओं ने ट्राइबल, महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता जैसे विषयों पर संदेशपरक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में पलक कुशवाहा व तनुश्री सेन प्रथम, अनादिता साहू द्वितीय, रोशनी कोरी तृतीय और रागिनी मरावी सांत्वना पुरस्कार के लिए चुनी गईं। निर्णायक डा. मीनू मिश्रा, डा. नीना उपाध्याय एवं डा. अर्चना सिंह रहीं। संचालन डा. सुनीता सोनी ने किया।

## शा. मानकुंवर बाई महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित











